# समाचार पत्र

खंड 16 | संख्या 2 | अगस्त 2025 – नवंबर 2025

# NEWSLETTER

VOLUME 16 | NO.2 | AUGUST 2025 - NOVEMBER-2025

CSIR-CGCRI

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई




## झलकियाँ

- सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल (तृतीय चरण) के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
- सातवें प्लैटिनम जयंती आगंतुक
- “कॉन्फ्लुएंस सतत ऊर्जा एवं समाज (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, स्टार्ट-अप तथा उद्योगों पर विशेष केंद्रित)” विषय पर उद्योग सम्मेलन
- छठा प्लैटिनम जयंती व्याख्यान
- 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह
- आधुनिक युग में सिरामिक एवं कांच प्रौद्योगिकी (सीजीटीएमई-2025)
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई में प्लैटिनम जयंती समापन कार्यक्रम – प्रथम दिवस
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा प्लैटिनम जयंती समारोह का भव्य समापन
- हिंदी पखवाड़ा 2025
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक
- स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह
- “स्वच्छता ही सेवा – 2025” गतिविधियाँ एवं वृक्षारोपण अभियान
- हिंदी कार्यशाला
- सतर्कता जागरूकता अभियान 2025
- एक दिवसीय विज्ञान सभा
- 11वें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ-2025) हेतु कर्टन रेज़र कार्यक्रम
- राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

## HIGHLIGHTS

- Skill Development Training Program under CSIR Integrated Skill Initiative Phase III
- 7th Platinum Jubilee Visitor
- Industry Conclave on “Confluence Sustainable Energy & Society with a special focus on MSMEs, Start-ups and Industries
- 6th Platinum Jubilee Lecture
- 79th Independence Day Celebration
- Ceramics and Glass Technology in the Modern Era (CGTME-2025)
- Platinum Jubilee Concluding Programme at CSIR-CGCRI – Day 1
- CSIR-CGCRI Concludes its Platinum Jubilee Celebrations with a Grand Closing Ceremony
- Hindi Fortnight 2025
- Half-Yearly NARAKAS
- Swachhata Pledge Taking Ceremony
- Swachhata Hi Seva 2025 Activities and Plantation Drive
- Hindi Workshop
- Vigilance Awareness Campaign 2025
- One-Day Vigyan Sabha
- Curtain Raiser for the 11th India International Science Festival (IISF-2025)
- Observance of Rashtriya Ekta Diwas

## विशेष उल्लेख

### सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल (तृतीय चरण) के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल (तृतीय चरण) के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल (तृतीय चरण) के अंतर्गत दिनांक अगस्त 5-7, 2025 तक तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्लेषणात्मक रसायन, 4एम प्रभाग (सामग्री, झिल्लियाँ एवं विनिर्माण) तथा उपकरणीकरण एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (आईआईटीडी) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में प्रयोगात्मक प्रयोगशाला दक्षताओं, उपकरण संचालन कौशल तथा उद्योगोन्मुख तकनीकी ज्ञान का सुदृढ़ीकरण करना था।।

## In Focus

### Skill Development Training Program under CSIR Integrated Skill Initiative Phase III

A three-day Skill Development Training Program was successfully organized from August 5-7, 2025 under the aegis of the CSIR Integrated Skill Initiative Phase III. The program was jointly conducted by the Analytical Chemistry, 4M Division (Materials, Membranes and Manufacturing), and the Instrumentation and Information Technology Division (IITD). The training focused on enhancing practical laboratory competencies, instrumental skills, and industry-oriented technical knowledge.





सीएसआईआर एकीकृत कौशल विकास पहल कार्यक्रम, कोलकाता
CSIR Integrated Skill Initiative Programme, Kolkata

### सातवें प्लैटिनम जयंती आगंतुक

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई को सीएसआईआर प्लैटिनम जयंती विशिष्ट आगंतुक कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक अगस्त 6-8, 2025 के दौरान सातवें प्लैटिनम जयंती आगंतुक के रूप में प्रो० अमर्त्य मुखोपाध्याय, धातुकर्म अभियांत्रिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, आईआईटी बॉम्बे का आतिथ्य ग्रहण करने का गौरव प्राप्त हुआ। अपने प्रवास के दौरान प्रो० मुखोपाध्याय ने “सोडियम-आयन बैटरियों हेतु कैथोड सामग्री के रूप में परतदार संक्रमण धातु ऑक्साइड संरचना, संघटन, पर्यावरणीय स्थिरता एवं विद्युत-रासायनिक व्यवहार” विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके व्याख्यान ने उन्नत सोडियम-आयन बैटरी प्रणालियों के अभिकल्पन,

### 7th Platinum Jubilee Visitor

CSIR-CGCRI had the honour of hosting Prof. Amartya Mukhopadhyay, Department of Metallurgical Engineering and Materials Science, IIT Bombay, as the 7th Platinum Jubilee Visitor from August 6-8, 2025 under the CSIR Platinum Jubilee Distinguished Visitor Programme. During his visit, Prof. Mukhopadhyay delivered an insightful Platinum Jubilee Seminar titled “‘Layered’ Transition Metal Oxides as Cathode Materials for Na-ion Batteries Composition –Structure – Environmental Stability – Electrochemical Behavior”.

प्रदर्शन तथा भावी संभावनाओं पर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान किए, जिससे वैज्ञानिक समुदाय में विशेष रुचि उत्पन्न हुई।

कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने "ऊर्जा भंडारण हेतु विद्युत-रसायन एवं उसके अनुप्रयोग" विषय पर एक दिवसीय लघु पाठ्यक्रम का संचालन भी किया, जिसमें विद्युत-रासायनिक सिद्धांतों तथा उनके संधारित्रों एवं अगली पीढ़ी की बैटरी प्रौद्योगिकियों में अनुप्रयोगों का सुदृढ़ आधार प्रस्तुत किया गया।



प्रो. अमर्त्य मुखोपाध्याय व्याख्यान देते हुए
Prof. Amartya Mukhopadhyay delivering Lecture

His lecture provided valuable perspectives on the design, performance, and future prospects of advanced sodium-ion battery systems, sparking keen interest among the scientific community.

As part of the programme, he conducted a one-day short course on Electrochemistry and Its Application for Energy Storage, offering a strong foundation in electrochemical principles and their relevance to capacitors and next-generation battery technologies.

## "कॉन्फ्लुएंस सतत ऊर्जा एवं समाज (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, स्टार्ट-अप तथा उद्योगों पर विशेष केंद्रित)" विषय पर उद्योग सम्मेलन

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता द्वारा अपने प्लैटिनम जयंती समारोह के अंतर्गत दिनांक अगस्त 4-5, 2025, को "विकसित भारत-2047 हेतु सतत समाज के समन्वयन" विषय पर दो दिवसीय उद्योग सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह सम्मेलन एक सशक्त मंच के रूप में उभरा, जहाँ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्ट-अप्स तथा उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों ने सतत पदार्थों एवं ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोगात्मक अवसरों का अन्वेषण किया, जो विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है।

सम्मेलन में आमंत्रित व्याख्यान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी, सुविधाओं का अवलोकन तथा पैनल चर्चाएँ आयोजित की गईं, जिनसे उद्योग जगत के हितधारकों एवं सीजीसीआरआई के वैज्ञानिकों के मध्य सार्थक संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा मिला। मुख्य फोकस क्षेत्रों में स्वास्थ्य-सेवा हेतु उन्नत सामग्री, सेंसर प्रौद्योगिकियाँ, फाइबर ऑप्टिक्स तथा हरित ऊर्जा समाधान शामिल रहे, जो संस्थान की विविध तकनीकी क्षमताओं एवं उनके सामाजिक प्रभाव की संभावनाओं को रेखांकित करते हैं।

यह सम्मेलन विज्ञान-आधारित एवं उद्योगोन्मुख समाधान के माध्यम से नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में योगदान देने के प्रति सीएसआईआर-सीजीसीआरआई की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करता है।

## Industry Conclave on "Confluence Sustainable Energy & Society with a special focus on MSMEs, Start-ups and Industries

Sustainable Energy & Society As part of its Platinum Jubilee celebrations, CSIR-CGCRI, Kolkata successfully organized a two-day Industry Conclave on August 4-5, 2025, themed "Synergizing Sustainable society for Viksit Bharat-2047." The event served as a dynamic platform bringing together MSMEs, start-ups, and industry leaders to explore collaborative opportunities in sustainable materials and energy technologies, in alignment with the national vision of Viksit Bharat @2047.




उद्योग सम्मेलन चल रहा है
Industry Conclave in progress

The conclave featured invited lectures, technology showcases, facility visits, and panel discussions, fostering meaningful interactions between industry stakeholders and CGCRI scientists. Key focus areas included healthcare materials, sensor technologies, fiber optics, and green energy solutions, highlighting the institute's diverse technological offerings and their potential for societal impact.

The conclave reaffirmed CSIR-CGCRI's commitment to driving innovation and contributing to national priorities through science-led, industry-oriented solutions.

## छठा प्लैटिनम जयंती व्याख्यान

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा दिनांक अगस्त 14, 2025 को ए. पी. सी. रॉय संगोष्ठी कक्ष में छठे प्लैटिनम जयंती व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के पदार्थ समूह, कांच एवं उन्नत सामग्री प्रभाग के उन्नत कार्बन सामग्री अनुभाग के प्रमुख एवं वैज्ञानिक अधिकारी तथा होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, मुंबई के प्राध्यापक डॉ. किंशुक दासगुप्ता द्वारा एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के निदेशक प्रो० विक्रमजीत बसु के स्वागत वक्तव्य एवं परिचय से हुआ, जिसमें उन्होंने डॉ. दासगुप्ता के उन्नत सामग्रियों तथा अनुप्रयुक्त अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डाला।

डॉ. दासगुप्ता ने "भाभा कवच स्वदेशीकरण की दिशा में अनुप्रयुक्त अनुसंधान" विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने स्वदेशी 'भाभा कवच' नामक उन्नत एवं हल्के बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली के विकास की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन निदेशक द्वारा अतिथि के सम्मान एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## 6th Platinum Jubilee Lecture

CSIR-CGCRI successfully hosted the 6th Platinum Jubilee Lecture on August 14, 2025 at the A. P. C. Roy Seminar Hall, featuring an insightful talk by Dr. Kinshuk Dasgupta, Scientific Officer and Head, Advanced Carbon Materials Section, Glass & Advanced Material Division, Materials Group, Bhabha Atomic Research Centre (BARC), and Professor, Homi Bhabha National Institute, Mumbai.



डॉ. किंशुक दासगुप्ता व्याख्यान प्रदान करते हुए
Dr. Kinshuk Dasgupta delivering lecture

The programme commenced with welcome remarks and an introduction by Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI, who highlighted Dr. Dasgupta's significant contributions in the field of advanced materials and translational research. Dr. Dasgupta delivered a compelling lecture titled

"Bhabha Kavach Translational Research towards Indigenization,"where he elaborated on the development of the indigenous Bhabha Kavach, an advanced lightweight body armour system. The event concluded with the felicitation of the guest by the Director, the National Anthem.

## 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा 15 अगस्त 2025 को 79वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रो० विक्रमजीत बसु ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित जनसमूह के साथ राष्ट्रगान का नेतृत्व किया, जिससे कार्यक्रम का गरिमामय आरंभ हुआ।

अपने संबोधन में प्रो० बसु ने संस्थान की वैज्ञानिक उपलब्धियों, प्रगतिशील पहलों तथा अत्याधुनिक अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालाउन्होंने वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने तथा "विकसित भारत-2047" के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा उनके परिजनों की सहभागिता रही, जिससे संस्थान में एकता, समर्पण एवं गौरव की भावना परिलक्षित हुई।।

## 79th Independence Day Celebration

CSIR-CGCRI celebrated the 79th Independence Day with great enthusiasm and patriotic fervour on 15th August 2025. Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI, hoisted the National Flag and led the gathering in singing the National Anthem, marking the solemn occasion.

In his address, Prof. Basu highlighted the institute's scientific achievements, ongoing initiatives, and its commitment to contributing towards national development through cutting-edge research and innovation. He encouraged scientists, staff, and students to continue striving for excellence and to actively support the nation's progress in the spirit of "Viksit Bharat @2047."

The event was attended by scientists, technical and administrative staff, students, and their family members, reflecting a strong sense of unity and institutional pride.






79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह
79th Independence Day Celebration

## आधुनिक युग में सिरेमिक एवं कांच प्रौद्योगिकी (सीजीटीएमई-2025)

भारतीय सिरामिक संस्थान के स्वर्ण जयंती समापन समारोह तथा सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के प्लैटिनम जयंती उत्सव के अंतर्गत, भारतीय सिरेमिक संस्थान एवं सीएसआईआर-केंद्रीय कांच एवं सिरेमिक अनुसंधान संस्थान द्वारा, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड सिरेमिक टेक्नोलॉजी, कोलकाता के सहयोग से, दिनांक अगस्त 8-9, 2025 को "आधुनिक युग में सिरेमिक एवं कांच प्रौद्योगिकी चुनौतियाँ, अवसर एवं सततता (सीजीटीएमई-2025)" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया।

इस आयोजन में लगभग 210 प्रतिनिधियों की प्रभावशाली सहभागिता रही, जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, सीएसआईआर प्रयोगशालाओं, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन सहित विभिन्न अग्रणी शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों तथा विविध औद्योगिक क्षेत्रों के विशेषज्ञ सम्मिलित हुए, जिससे यह सम्मेलन अत्यंत व्यापक एवं प्रभावशाली बना।

यह संगोष्ठी सिरेमिक एवं कांच के क्षेत्र में अनुसंधान संस्थानों एवं उद्योग के मध्य सहयोग को सुदृढ़ करने, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी प्राथमिकताओं के अनुरूप समन्वय स्थापित करने तथा भावी नवाचार को प्रोत्साहित करने में सफल रही।

## Ceramics and Glass Technology in the Modern Era (CGTME-2025)

As part of the Golden Jubilee concluding celebration of the Indian Institute of Ceramics (IIC) and the Platinum Jubilee celebration of CSIR-CGCRI, the Indian Institute of Ceramics and CSIR-Central Glass and Ceramic Research Institute jointly organized a national seminar titled "Ceramics and Glass Technology in the Modern Era Challenges, Opportunities, and Sustainability (CGTME-2025)" on August 8-9, 2025, in association with the Government College of Engineering and Ceramic Technology (GCECT), Kolkata.

The event witnessed an impressive participation of around 210 delegates, including representatives from premier academic institutions such as IITs, NITs, national universities, leading R&D organizations including CSIR laboratories, DRDO, ISRO, as well as professionals from diverse industrial sectors, making the gathering truly comprehensive and impactful.

The seminar successfully reinforced collaboration between research institutions and industry, aligning with national technological priorities and fostering future innovation in the ceramics and glass domain..

## सीएसआईआर-सीजीसीआरआई में प्लैटिनम जयंती समापन कार्यक्रम – प्रथम दिवस

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के प्लैटिनम जयंती समापन कार्यक्रम का प्रथम दिवस दिनांक अगस्त 25, 2025 को संस्थान के कोलकाता परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह अवसर संस्थान द्वारा उन्नत सिरेमिक एवं कांच विज्ञान के क्षेत्र में 75 वर्षों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के उत्सव का महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ, जिसकी स्थापना 26 अगस्त 1950 को डॉ. बी. सी. रॉय के दूरदर्शी नेतृत्व तथा डॉ. मेघनाद साहा की वैज्ञानिक दृष्टि के फलस्वरूप हुई थी।

कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण विशेष सम्मान समारोह रहा, जिसमें सेवानिवृत्त सहकर्मियों एवं विशिष्ट पूर्व छात्रों को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई की प्रगति एवं सफलता में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकाशनों एवं पहलों का विमोचन एवं शुभारंभ भी किया गया, जिनमें प्रमुख हैं



डॉ. एन. कलैसेल्वी द्वारा सीजीसीआरआई पीजेसी पुस्तक का विमोचन
CGCRI PJC Book release by Dr. N. Kalaiselvi

- सीजीसीआरआई पीजेसी पुस्तक "सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के विभिन्न का बहुरंगी परिदृश्य
- सीजीसीआरआई कर्मचारी संकलन
- सीजीसीआरआई प्रयोगशाला नोटबुक
- परीक्षण सुविधाओं हेतु ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ
- आत्मा राम स्मारक संग्रहालय एवं अभिलेखागार पर आधारित वीडियो का विमोचन

अपने प्रवास के दौरान डॉ. कलैसेल्वी ने संस्थान के विभिन्न समूहों—युवा एवं मध्य-कैरियर वैज्ञानिकों, प्रभाग एवं क्लस्टर अध्यक्षों, प्रशासन, वित्त एवं क्रय विभाग प्रमुखों तथा महिला वैज्ञानिकों एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों—के साथ संवाद किया तथा भावी अनुसंधान एवं विकास पहलों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की।

कार्यक्रम का समापन वैज्ञानिक नवाचार, राष्ट्रीय सेवा एवं ज्ञान नेतृत्व के माध्यम से "विकसित भारत-2047" की परिकल्पना के प्रति सीएसआईआर-सीजीसीआरआई की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि के साथ हुआ।

## Platinum Jubilee Concluding Programme at CSIR-CGCRI – Day 1

The first day of the Platinum Jubilee Concluding Programme of CSIR-CGCRI was held on August 25, 2025 at the institute's Kolkata campus and was graced by Dr. N. Kalaiselvi, Director General, CSIR. The event marked a significant milestone as the institute celebrated 75 years of excellence in advanced ceramics and glass science, since its establishment on August 26, 1950 through the visionary leadership of Dr. B. C. Roy and the scientific foresight of Dr. Meghnad Saha.

A highlight of the day was the Special Felicitation Ceremony, during which retired colleagues and distinguished alumni were honoured for their outstanding contributions to the growth and success of CSIR-CGCRI.

The programme also witnessed the release of several key publications and initiatives, including

- CGCRI PJC Book A Kaleidoscope of Eras of CSIR-CGCRI
- CGCRI Employee Compendium
- CGCRI Laboratory Notebook
- Launch of the Online Portal for Testing Facilities
- Video release of the Atma Ram Memorial Museum and Archive

During her visit, Dr. Kalaiselvi interacted with several groups across the institute, including Young and Mid-career Scientists, Divisional and Cluster Chairs, Administrative, Finance and Purchase Heads, and Women Scientists and Technologists, offering guidance and encouragement for future R&D initiatives.

The day concluded with a strong reaffirmation of CSIR-CGCRI's commitment to the national vision of Viksit Bharat @2047, through scientific innovation, national service, and knowledge leadership .

## सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा प्लैटिनम जयंती समारोह का भव्य समापन

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने अपने प्लैटिनम जयंती समारोह (1950–2025) का समापन 28 अगस्त 2025 को कोलकाता स्थित मेघनाद साहा सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह के साथ किया। इस अवसर पर भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री एवं सीएसआईआर के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ "राष्ट्र के प्रति पुनः समर्पण" शीर्षक स्मारक पट्टिका के अनावरण के साथ हुआ, जो वैज्ञानिक नवाचार एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन के माध्यम से राष्ट्र सेवा के प्रति संस्थान की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। माननीय मंत्री ने ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा तथा सामरिक सामग्रियों से संबंधित प्रमुख अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन भी किया तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में संस्थान के योगदान की सराहना की।

दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के पश्चात औपचारिक कार्यक्रम का आरंभ सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के निदेशक प्रो० विक्रमजीत बसु के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने संस्थान की विरासत, उपलब्धियों एवं भावी दृष्टि पर प्रकाश डाला।

## CSIR-CGCRI Concludes its Platinum Jubilee Celebrations with a Grand Closing Ceremony

CSIR-CGCRI marked the culmination of its Platinum Jubilee Celebrations (1950–2025) with a grand Closing Ceremony held on August 28, 2025 at the Meghnad Saha Auditorium, Kolkata. The institute was honoured by the presence of Dr. Jitendra Singh, Honourable Minister of Science & Technology and Earth Sciences, Government of India, and Vice President, CSIR, who graced the occasion as the Chief Guest.

The ceremony commenced with the unveiling of the commemorative plaque titled "Rededicating to the Nation", symbolizing CSIR-CGCRI's continued commitment to serving the country through scientific innovation and technological advancement. The Hon'ble Minister also visited key research facilities in the domains of Energy, Healthcare, and Strategic Materials, appreciating the institute's contributions to national priorities.

Following the ceremonial lamp lighting and Saraswati Vandana, the formal programme began with a welcome address by Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI, highlighting the institute's legacy, achievements, and future vision.

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण निम्नलिखित रहे

विशिष्ट अतिथियों के संबोधन

**पद्मश्री प्रो० अशुतोष शर्मा, अध्यक्ष,** अनुसंधान परिषद, सीजीसीआरआई एवं पूर्व सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

**प्रो० सुमन चक्रवर्ती**, निदेशक, आईआईटी खड़गपुर

**प्रो० इंद्रनील मन्ना,** कुलपति, बीआईटी मेसरा

**डॉ. शेखर सी. मांडे**, पूर्व महानिदेशक, सीएसआईआर का वीडियो संदेश

दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

1. **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई एवं आईआईटी खड़गपुर**
2. **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई एवं बीआईटी मेसरा**

- मुख्य अतिथि, विशिष्ट आमंत्रित अतिथियों एवं सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के पूर्व निदेशकों का सम्मान
- **माननीय मंत्री द्वारा पैन-सीएसआईआर** सुरक्षा मैनुअल का विमोचन
- उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को **वार्षिक एवं प्लैटिनम जयंती सम्मान प्रदान**

समारोह का मुख्य **आकर्षण डॉ. जितेंद्र सिंह** का संबोधन रहा, जिसमें उन्होंने सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के दीर्घकालिक वैज्ञानिक नेतृत्व की सराहना की तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार-आधारित विकास तथा समाज के प्रति समर्पित सेवा के माध्यम से "विकसित भारत-2047" के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ किया।

The event featured several notable highlights, including

Addresses by distinguished guests

**Padma Shri Prof. Ashutosh Sharma,** Chairman, RC, CGCRI and Former Secretary, DST

**Prof. Suman Chakraborty,** Director, IIT Kharagpur

**Prof. Indranil Manna,** Vice Chancellor, BIT Mesra

A video message from **Dr. Shekhar C. Mande,** Former DG, CSIR

Signing of two strategic MoUs

1. **CSIR-CGCRI and IIT Kharagpur**
2. **CSIR-CGCRI and BIT Mesra**

- Honouring of the Chief Guest, special invitees, and former Directors of CSIR-CGCRI
- **Release of the Pan CSIR Safety Manual** by the Honourable Minister
- Presentation of **Annual and Platinum Jubilee Recognitions** to outstanding contributors

The highlight of the ceremony was the **address by Dr. Jitendra Singh**, who commended CSIR-CGCRI's scientific leadership over the decades and emphasized its vital role in advancing national technological capabilities.

As part of this historic milestone, CSIR-CGCRI reaffirmed its commitment to contributing towards the national vision of Viksit Bharat @2047 through scientific excellence, innovation-driven development, and dedicated service to society..




माननीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा स्मृति पट्टिका का अनावरण
Unveiling of the commemorative plaque by Dr. Jitendra Singh, Honourable Minister



माननीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा व्याख्यान
Dr. Jitendra Singh. Honourable Minister delivering Leature

## हिंदी पखवाड़ा 2025

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा भारत सरकार एवं सीएसआईआर मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक सितंबर 2 - 27, 2025 तक हिंदी पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राजकीय कार्यों में हिंदी भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा संस्थान में भाषायी जागरूकता को सुदृढ़ करना था।

उद्घाटन समारोह एवं वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन 2 सितंबर 2025 को किया गया, जिसमें संस्थान के चार युवा वैज्ञानिकों ने लोकप्रिय वैज्ञानिक विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए और हिंदी में विज्ञान संप्रेषण के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ज्योतिर्मय सिकदर, मुख्य वैज्ञानिक द्वारा की गई। श्री सुप्रकाश हलदर, नियंत्रक प्रशासन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा श्रीमती मुनमुन गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समन्वयन श्री संजीव कुमार सिंह, हिंदी अधिकारी द्वारा किया गया।

समापन समारोह 17 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें पुरस्कार वितरण के साथ प्रथम प्लैटिनम जयंती व्याख्यान भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के निदेशक प्रो० विक्रमजीत बसु द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि के रूप में खिदिरपुर कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अर्चना पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने "भारतीय ज्ञान परंपरा एवं तुलसीदास की समन्वयक दृष्टि" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो० बसु ने सभी पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया तथा वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में हिंदी के व्यापक उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## Hindi Fortnight 2025

CSIR-CGCRI observed Hindi Fortnight 2025 from September 2 - 27, 2025 in compliance with the directives of the Government of India and CSIR Headquarters, with the objective of promoting the use of the Hindi language in official communication and fostering linguistic awareness within the institute.

The Inauguration Ceremony and Scientific Seminar were held on 2nd September 2025, where four young scientists of the institute delivered engaging lectures on popular scientific themes, highlighting the importance of science communication in Hindi. The programme was was presided over by Shri Jyotirmay Sikder, Chief Scientist, with Shri Suprakash Halder, CoA, delivering the welcome address and Smt. Munmun Gupta, AO, proposing the vote of thanks. The event was coordinated by Shri Sanjiva Kumar Singh, Hindi Officer.

The Closing Ceremony, held on September 17, 2025, featured the prize distribution and the First Platinum Jubilee Lecture. The programme was presided over by Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI, and graced by Dr. Archana Pandey, Assistant Professor, Khidirpur College, as the Chief Guest, who delivered an insightful lecture on "Bhartiya Gyan Parampara evam Tulsidas ki Samanvayak Drishti." Prof. Basu felicitated all award winners and encouraged wider usage of Hindi in scientific and administrative activities.




हिंदी पखवाड़ा 2025
Hindi Fortnight 2025

## अर्धवार्षिक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा दिनांक सितंबर 4, 2025 को कोलकाता (कार्यालय–2) की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन डॉ. वंशी कृष्ण बल्ला, उपाध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों एवं हिंदी प्रतिनिधियों ने सहभागिता की, जिससे राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता परिलक्षित हुई।

बैठक के दौरान डॉ. विचित्रसेन गुप्ता, उपनिदेशक (कार्यान्वयन) ने सदस्य कार्यालयों में राजभाषा संबंधी कार्यों की समीक्षा की तथा अनुपालन एवं प्रतिवेदन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

## Half-Yearly NARAKAS

CSIR-CGCRI hosted the half-yearly meeting of NARAKAS, Kolkata (Offices-2) on September 4, 2025 under the chairmanship of Dr. Vamshi Krishna Balla, Vice Chairman, NARAKAS. The meeting was attended by heads of member offices and Hindi representatives, reflecting a strong collective commitment towards strengthening the implementation of the Official Language policy.

During the proceedings, Dr. Vichitrasen Gupta, Deputy Director (Implementation), reviewed the official language work of the member offices and provided guidance on improving compliance and reporting practices.



नराकास की अर्धवार्षिक बैठक चल रही है
Half-yearly meeting of NARAKAS in progress

## स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा “स्वच्छता ही सेवा – 2025” अभियान के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर 2025 को स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता, स्वास्थ्यकर वातावरण एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और संस्थान परिसर एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण की।

## Swachhata Pledge Taking Ceremony

CSIR-CGCRI observed the Swachhata Pledge Taking Ceremony on September 17, 2025 as part of the nationwide “Swachhata Hi Seva – 2025” campaign, reaffirming its commitment to cleanliness, hygiene, and environmental responsibility. The programme witnessed active participation from scientists, staff members, students, and contractual personnel, who collectively pledged to contribute towards maintaining cleanliness within the institute and in their surroundings..



स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह
Swachhata Pledge Taking Ceremony

## “स्वच्छता ही सेवा – 2025” गतिविधियाँ एवं वृक्षारोपण अभियान

राष्ट्रव्यापी “स्वच्छता ही सेवा – 2025” (एसएचएस) अभियान के अंतर्गत सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा दिनांक 25 सितंबर 2025 को कोलकाता स्थित मुख्य परिसर तथा खुर्जा एवं नरोदा स्थित आउटरीच केंद्रों में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्यकर वातावरण तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था। स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए निदेशक, प्रशासन नियंत्रक तथा वरिष्ठ क्रय अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ सक्रिय सहभागिता करते हुए संस्थान परिसर की स्वच्छता एवं रखरखाव कार्यों में योगदान दिया। अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए “एक पेड़ माँ के नाम” राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता में वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसके पश्चात 15 अक्टूबर 2025 को खुर्जा एवं नरोदा स्थित आउटरीच केंद्रों में भी इसी प्रकार की गतिविधियाँ संपन्न हुईं। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया तथा हरित क्षेत्रों के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय योगदान दिया, जिससे पर्यावरणीय सततता एवं पारिस्थितिक संतुलन के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पुनः परिलक्षित हुई।

## Swachhata Hi Seva 2025 Activities and Plantation Drive

As part of the nationwide Swachhata Hi Seva (SHS) 2025 campaign, CSIR-CGCRI organized a dedicated cleanliness drive on September 25, 2025 across its Kolkata campus and Outreach Centres at Khurja and Naroda. The initiative aimed at reinforcing the institute's commitment to cleanliness, hygiene, and environmental responsibility. Demonstrating leadership by example, the Director, Controller of Administration (COA), and Senior Procurement Officer (SPO) actively participated in the drive along with staff members, contributing to the cleaning and maintenance of institutional premises. Extending the spirit of the campaign, a plantation drive under the national initiative “Ek Ped Maa Ke Naam” was successfully conducted on 14th October 2025 at CSIR-CGCRI, Kolkata, followed by similar activities at the Khurja and Naroda Outreach Centres on October 15, 2025. Staff members enthusiastically took part in planting saplings and nurturing green spaces, reaffirming the institute's commitment to environmental sustainability and ecological conservation.



स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह
Swachhata Hi Seva 2025

## हिंदी कार्यशाला

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा दिनांक 26 सितंबर 2025 को कर्मिकों हेतु हाइब्रिड माध्यम में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें खुर्जा एवं नरोदा केंद्रों से ऑनलाइन माध्यम द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासन नियंत्रक श्री सुप्रकाश हलदर के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी आधारित उपायों को अपनाने के महत्व पर बल दिया। कार्यशाला का संचालन राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता के कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री विनोद कुमार यादव द्वारा किया गया। उन्होंने “राजभाषा कार्यान्वयन में ई-उपकरणों एवं सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग” विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं संवादात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समन्वय हिंदी अधिकारी श्री संजीव कुमार सिंह द्वारा किया गया, अंत में उन्होनें धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया।

## Hindi Workshop

CSIR-CGCRI organized a Hindi Workshop on September 26, 2025 in hybrid mode for its staff members, with active participation from the Khurja and Naroda centres through online connectivity. The programme commenced with a welcome address by Mr. Suprokash Halder, Controller of Administration, who emphasized the importance of embracing technology-driven language implementation. he session was conducted by Mr. Vinod Kumar Yadav, Junior Translation Officer, National Library, Kolkata, who delivered an informative and interactive lecture on the topic “Use of e-tools and Information Technology in Official Language Implementation.” The workshop was coordinated by Mr. Sanjiva Kumar Singh, Hindi Officer, who also proposed the vote of thanks.




हिंदी कार्यशाला चल रही है
Hindi Workshop in progress

## सतर्कता जागरूकता अभियान 2025

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा दिनांक अगस्त 18 - नवंबर 17, 2025 तक सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत संगठन में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा नैतिक आचरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवधि के दौरान आई-गॉट पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, भंडार एवं क्रय में निवारक सतर्कता पर कार्यशाला तथा कार्यस्थल सुरक्षा एवं अनुपालन पर केंद्रित पॉश दिशा-निर्देशों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त एफआर 56(जे)/सतर्कता अनुपालन तंत्र एवं सेवा संबंधी विषयों पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें नियामक ढांचे एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सत्यनिष्ठा शपथ का आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने नैतिक आचरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः व्यक्त किया। “सतर्कता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी” विषय पर आयोजित व्याख्यान सत्र ने संस्थागत सत्यनिष्ठा को सुदृढ़ करने में कर्मचारियों की सामूहिक भूमिका पर विशेष बल दिया।

## Vigilance Awareness Campaign 2025

CSIR-CGCRI successfully observed the Vigilance Awareness Campaign 2025 from August 18 - November 17, 2025, with a series of programmes aimed at fostering transparency, accountability, and ethical practices within the organization.

During the period, a wide range of activities were organized, including a Training Programme on i-GOT, a Workshop on Preventive Vigilance in Stores and Purchase, and a Sensitization Programme on POSH Guidelines, focusing on workplace safety and compliance. Additionally, a Seminar on FR 56(J)/ Vigilance Compliance Mechanism and Service Matters provided valuable guidance on regulatory frameworks and administrative procedures.

To promote active engagement, quiz and essay competitions, along with an Integrity Pledge, were conducted, encouraging participants to reaffirm their commitment to ethical conduct. A lecture session on the theme “Vigilance Our Shared Responsibility” further emphasized the collective role of employees in strengthening institutional integrity.



सतर्कता जागरूकता अभियान–2025
Vigilance Awareness Campaign 2025

## एक दिवसीय विज्ञान सभा

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा सीएसआईआर-जिज्ञासा प्रसार पहल के अंतर्गत दिनांक 20 नवंबर 2025 को दक्षिण 24 परगना के हरिनावी स्थित रवींद्र भवन में “विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का अन्वेषण” विषय पर एक दिवसीय विज्ञान सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयी छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना तथा विज्ञान एवं समाज के बीच सुदृढ़ संबंध स्थापित करना था।

इस कार्यक्रम में राजपुर–सोनारपुर नगरपालिका के अंतर्गत 18 विद्यालयों से 618 विद्यार्थियों एवं 49 शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे यह वर्ष की सबसे प्रभावशाली प्रसार गतिविधियों में से एक सिद्ध हुआ।

## One-Day Vigyan Sabha

CSIR-CGCRI successfully organized a One-Day Vigyan Sabha Exploring Science & Technology on 20th November 2025 at Rabindra Bhavan, Harinavi, South 24 Parganas, as part of the CSIR-JIGYASA Outreach Initiative.

The programme aimed to inspire scientific curiosity among school students and strengthen science–society connect.

The event witnessed enthusiastic participation from 618 students and 49 teachers representing 18 schools under the Rajpur–Sonarpur Municipality, making it one of the most impactful outreach engagements of the year.

### कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ

- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नवीनतम विकासों से अवगत कराया गया।
- संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र, जिनसे विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हुआ।।
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा संचालित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, जिसने टीम भावना एवं वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित किया।
- सहभागी विद्यार्थियों द्वारा तैयार वैज्ञानिक मॉडलों का सजीव प्रदर्शन, जिसमें उनकी सृजनात्मकता एवं वैज्ञानिक समझ का उत्कृष्ट परिचय प्राप्त हुआ।

### Key Highlights of the Programme

- Popular science lectures delivered by CSIR-CGCRI scientists, introducing students to exciting developments in science and technology
- Interactive Q&A sessions, enabling direct engagement between students and scientists
- A lively science quiz competition conducted by CSIR-CGCRI scientists, encouraging teamwork and scientific thinking
- Live demonstrations of scientific models prepared and presented by participating students, showcasing creativity and scientific understanding

## 11वें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ-2025) हेतु कर्टन रेज़र कार्यक्रम

सीएसआईआर-केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान, कोलकाता द्वारा दिनांक 25 नवंबर 2025 को 11वें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ-2025) के कर्टन रेज़र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "विज्ञान से समृद्धि आत्मनिर्भर भारत के लिए" विषय के अनुरूप इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयी छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के प्रति व्यापक जनसहभागिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआईआर-सीजीसीआरआई के निदेशक प्रो० विक्रमजीत बसु के स्वागत भाषण एवं परिचयात्मक वक्तव्य से हुआ। इसके पश्चात सीएसआईआर-नवाचार परिसर, मुंबई के विशिष्ट वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. रविकृष्ण चेबोलु द्वारा "नवाचार रूपांतरण अंतराल को पाटना" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान, संवादात्मक सत्र, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, आत्मा राम स्मारक संग्रहालय एवं अभिलेखागार का निर्देशित भ्रमण, प्रयोगशाला भ्रमण तथा सीजीसीआरआई के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों द्वारा सजीव प्रदर्शन आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के हुगली जिले की चंदननगर नगरपालिका के अंतर्गत पाँच विद्यालयों से 78 विद्यार्थियों एवं 11 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

## Curtain Raiser for the 11th India International Science Festival (IISF-2025)

CSIR-Central Glass and Ceramic Research Institute, Kolkata, organized the Curtain Raiser for the 11th India International Science Festival (IISF-2025) on November 25, 2025. Aligned with the festival theme "Vigyan Se Samruddhi For Aatmanirbhar Bharat," the programme was designed to ignite scientific curiosity among school students and promote wider public engagement in science, technology, and innovation. The programme began with a welcome address and introductory remarks by Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI, followed by a keynote lecture delivered by Dr. Ravikrishna Chebolu, Distinguished Scientist and Head, CSIR-Innovation Complex, Mumbai, on "Bridging the Innovation Translation Gap." The event featured a series of popular science lectures, interactive sessions, a science quiz competition, guided visits to the Atma Ram Memorial Museum & Archives, laboratory tours, and live demonstrations by CGCRI scientists and research scholars. A total of 78 students and 11 teachers from five schools under the Chandan Nagar Municipality, Hooghly, West Bengal, participated enthusiastically in the day-long activities




11वें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव की पूर्वपीठिका

Curtain Raiser for the 11th India International Science Festival

## राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा 31 अक्टूबर 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एम. एन. साहा सभागार में राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ किया।

## Observance of Rashtriya Ekta Diwas

CSIR-CGCRI observed Rashtriya Ekta Diwas on October 31, 2025, marking the birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel. To commemorate the occasion, the Rashtriya Ekta Pledge was administered on October 31, 2025 in the M.N. Saha Auditorium. Staff members and research scholars of the Institute participated in the event, reaffirming their commitment to national unity, integrity, and collective responsibility



राष्ट्रीय एकता दिवस पर डॉ. दुर्गा खेतान का व्याख्यान

Lecture by Dr. Durga Khaitan on Rashtriya Ekta Diwas

## नवीन नियुक्ति / New Joining

| Name | पदनाम / Designation | तिथि / Date |
|---|---|---|
| डॉ. बिधान चंद्र पात्रा / Dr. Bidhan Chandra Patra | वैज्ञानिक/ Scientist | 12.08.2025 |
| श्री सुशील उरांव / Shri Sushil Oraon | सहायक अनुभाग अधिकारी/ Assistant Section Officer | 06.10.2025 |

## अधिवर्षिता / Superannuation

| Name | पदनाम / Designation | तिथि / Date |
|---|---|---|
| श्री तपन तरफदार / Shri Tapan Tarafdar | सहायक अनुभाग अधिकारी/ Assistant Section Officer | 30.09.2025 |

## सीएसआईआर-सीजीसीआरआई से कार्यमुक्ति / Leaving CSIR-CGCRI

| Name | पदनाम / Designation | तिथि / Date |
|---|---|---|
| श्री संजय कुमार मुखोपाध्याय / Shri Sanjoy Kumar Mukhopadhyay | अनुभाग अधिकारी / Section Officer | 30.11.2025 |

## सीएसआईआर-सीजीसीआरआई में स्थानांतरण / Transferred to CSIR-CGCRI

| Name | पदनाम / Designation | तिथि / Date |
|---|---|---|
| श्री रामेन्द्र कुमार मिश्रा / Shri Ramendra Kumar Mishra | अनुभाग अधिकारी / Section Officer | 14.08.2025 |

## व्यवसाय, साझेदारियाँ एवं गठबंधन (एमओयू/एनडीए आदि)

- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), इसरो, तिरुवनंतपुरम के मध्य दिनांक 22 अगस्त 2025 को "विद्युत प्रणोदन अनुप्रयोग हेतु उच्च तापमान बोरोइड्स का स्पार्क प्लाज्मा सिन्टरिंग" विषय पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के मध्य दिनांक 28 अगस्त 2025 को "सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं के विकास एवं क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों हेतु शैक्षणिक सहयोग" विषय पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, झारखंड के मध्य दिनांक 28 अगस्त 2025 को "सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं के विकास एवं क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों हेतु शैक्षणिक सहयोग" विषय पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 15 सितंबर 2025 को "साइम्स ग्रैंड चैलेंज डब्ल्यूपी-1" विषयक चार गोपनीयता समझौते सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं मैसर्स बेरिलाइन लैब्स प्रा. लि., कोलकाता; मैसर्स काइरोटिक्स टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., बीरभूम, पश्चिम बंगाल; उन्नत संगणन विकास केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, पुणे, महाराष्ट्र के साथ हस्ताक्षरित किए गए।
- दिनांक 9 सितंबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं इसरो, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के मध्य ऑप्टिकल कांच के विकास हेतु एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 13 सितंबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं मैसर्स एचएफसीएल लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली के मध्य "हॉलो कोर फाइबर, मल्टी-कोर फाइबर एवं पीएम फाइबर पर सहयोगात्मक अनुसंधान" विषय पर एक गोपनीयता समझौता हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना के मध्य "सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं के विकास एवं क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों हेतु शैक्षणिक सहयोग" विषय पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 3 नवंबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं फिनोलेक्स केबल्स लिमिटेड, मुंबई के मध्य "वाईबी-डोप्ड क्लैडिंग पंप ऑप्टिकल फाइबर, ईआर/वाईबी-डोप्ड क्लैडिंग पंप ऑप्टिकल फाइबर तथा मल्टी-कोर ऑप्टिकल फाइबर के विकास" विषय पर एक गोपनीयता समझौता हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 10 नवंबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं मैसर्स विशाखा ग्लास प्रा. लि., अहमदाबाद, गुजरात के मध्य "सौर कांच अनुप्रयोगों पर विशेष बल के साथ प्रशिक्षण, परामर्श तथा संभावित सहयोगात्मक अनुसंधान (सीएसआर सहित/बिना)" विषय पर एक गोपनीयता समझौता हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 30 नवंबर 2025 को मैसर्स डेलमार्ट सॉल्यूशंस, नई दिल्ली एवं सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता के मध्य "कार्बन स्टील अपशिष्ट जल टैंकों हेतु बहु-कार्यात्मक ग्लास-सिरामिक कोटिंग" विषय पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 11 नवंबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं मैसर्स क्लिफ बिजग्लोब एलएलपी, गुजरात के मध्य "पेपराटर" विषय पर एक गोपनीयता समझौता हस्ताक्षरित किया गया।
- दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता, शंघाई उन्नत अनुसंधान संस्थान, चीनी विज्ञान अकादमी; दक्षिण अफ्रीका विश्वविद्यालय; तथा रियो ग्रांडे दो सुल संघीय विश्वविद्यालय के मध्य "ब्रिक्स देशों में सूक्ष्म प्रदूषकों के उन्नत नियंत्रण हेतु अभिनव सामग्री एवं प्रक्रियाएँ" विषय पर एक समझौता संपन्न हुआ।
- दिनांक 19 नवंबर 2025 को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, कोलकाता एवं कोलकाता विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त प्रकाशिकी एवं फोटोनिक्स विभाग के मध्य "सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं के विकास एवं क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों हेतु शैक्षणिक सहयोग" विषय पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।

## Business, Partnerships, Alliances (MoU/NDA/etc) (August 2025 to November 2025)

- A Memorandum of understanding (MoU) was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE (VSSC) ISRO, Thiruvananthapuram, August 22, 2025, entitled "Spark Plasma Sintering of high temperature borides for electric propulsion application"
- CSIR-CGCRI, Kolkata & IIT, Kharagpur, signed A Memorandum of understanding (MoU) on August 28, 2025, entitled "Academic collaboration for development and implementation of collaborative research projects and professional development programs with IIT-Kharagpur".
- On August 28, 2025 a Memorandum of understanding (MoU) was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & BIT, Mesra, Jharkhand, entitled "Academic collaboration for development and implementation of collaborative research projects and professional development programs with BIT Mesra"
- On September 15, 2025 four number of Non-Disclosure Agreement (NDA) ware signed entitled "CIMES GRAND CHALLENGE WP-1 NDA", between CSIR-CGCRI, Kolkata, and M/s. Berylline Labs Pvt. Ltd. Kolkata, M/s. Kyrotics Technologies Pvt. Ltd. Birbhum, W.B, Centre for Development of Advanced Computing (C-DAC) , a Society of Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India, Ganesh Khind, Pune-, Maharashtra, Centre for Development of Advanced Computing (C-DAC) Pune, Maharashtra
- On September 9, 2025 A Memorandum of understanding (MoU) was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & ISRO, VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE (VSSC) for Development of optical Glasses.
- A Non-Disclosure Agreement (NDA) on Collaborative research on Hollow Core Fiber, Multi-Core Fiber, PM Fiber, was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & M/s.HFCL Limited, Electronics Complex, New Delhi, on September 13, 2025.
- A Memorandum of understanding (MoU) about an Academic collaboration for development and implementation of collaborative research projects and professional development programs was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & IIT-Hyderabad, Telangana, India, on October 27, 2025.
- A Non-Disclosure Agreement (NDA) was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & Finolex Cables Limited, Mumbai, on November 3, 2025, to "Development of Yb-doped cladding pump optical fiber, Er/Yb-doped cladding pump optical fiber, and multi-core optical fiber."
- To "Explore the possibilities of collaborative research with or without CSR (Corporate Social Responsibility) funds which essentially includes, training, consultancy, with a special emphasis on solar glass applications," A Non-Disclosure Agreement (NDA) was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & M/s. Vishakha Glass Pvt. Ltd, Ahmedabad, Gujarat, on November 10, 2025.
- On November 30, 2025, A Memorandum of understanding (MoU) was signed between M/S. Delmart Solutions, Gangotri Enclave, Alaknanda, New Delhi & CSIR-CGCRI, Kolkata, on "Multifunctional Glass-Ceramic Coating for Carbon Steel Wastewater Tanks".
- A Non-Disclosure Agreement (NDA)on "Paperator" was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & M/s. Cliff Bizglobe LLP, Gujarat, on November 11, 2025.
- On October 11, 2025, CSIR-CGCRI, Kolkata & Shanghal Advanced Research, Chinse Academy of Science (SARI CAS), University of South Africa(UNISA), Federal University of Rio Grande do Sul (UFRGS) signed a agreement on "Innovation Materials & Processes for Advanced Control of Micropollutants in the BRICS Countries (IMPACT)."
- A Memorandum of understanding (MoU) was signed between CSIR-CGCRI, Kolkata & Department of Applied Optics & Photonics, University of Calcutta on November 19, 2025, entitled "Academic collaboration for development and implementation of collaborative research projects and professional development programs.

## आरंभित परियोजनाएँ (अगस्त 2025 से नवंबर 2025 तक) / Project Initiated (August 2025 to November 2025)

| परियोजना शीर्षक / Project title | कार्य क्षेत्र / Domain of work | प्रायोजक / Sponsers | प्रारंभ तिथि / Start Date | समापन तिथि / End Date |
|---|---|---|---|---|
| कार्बन स्टील आधारित अपशिष्ट जल टैंकों हेतु उपयुक्त बहु-कार्यात्मक ग्लास-सिरेमिक कोटिंग का विकास / Development of suitable multifunctional glass-ceramic coating for carbon steel based wastewater tanks | प्रायोजित / Sponsored | डेलमार्ट सॉल्यूशंस / Delmart Solutions | 14-11-2025 | 13-07-2026 |
| 1 माइक्रोन पर नॉन-प्लानर रिंग ऑस्सीलेटर संकीर्ण रेखा-चौड़ाई सीड लेज़र हेतु निम्न शोर प्रवर्धक का विकास/ Low noise amplifier for Non Planar Ring Oscillator (NPRO) narrow linewidth seed Laser at 1 micron | अनुदान सहायता/ Grant-in-Aid | बीआरएनएस / BRNS | 15-09-2025 | 14-09-2027 |
| विद्युत प्रणोदन अनुप्रयोग हेतु उच्च तापमान बोरोइड्स का स्पार्क प्लाज्मा सिन्टरिंग / Spark Plasma Sintering of High Temperature Borides for Electric Propulsion Application | प्रायोजित / Sponsored | इसरो / ISRO. | 25-10-2025 | 27-10-2026 |
| लवणीय जल से लिथियम आयनों के निष्कर्षण हेतु लिथियम-टाइटेनियम द्वि-ऑक्साइड आधारित अवशोषकों एवं सिरेमिक झिल्लियों का विकास (भारत-बेलारूस) / Development of adsorbents and ceramic membranes based on lithium-titanium double oxides for the extraction of lithium ions from brines (Indo-Belarus (NASB) | सीएसआईआर /CSIR | सीएसआईआर / CSIR | 14-08-2025 | 13-08-2027 |
| प्रकाश-विद्युत-रासायनिक जल अपघटन द्वारा हाइड्रोजन उत्पादन हेतु बहुधातु ऑक्साइड एवं कार्बाइड नैनो-संरचनाओं के निर्माण की प्लाज्मा-सहायित प्रौद्योगिकियों का विकास (भारत-बेलारूस) / Development of plasma assisted technologies of multimetal oxide and carbide nanostructures fabrication for H2 generation via photoelectrochemical water splitting (Indo-Belarus (NASB) | सीएसआईआर /CSIR | सीएसआईआर / CSIR | 14-08-2025 | 13-08-2027 |

## प्रकाशन (अगस्त 2025 से नवंबर 2025 तक) / Publications (August 2025 to November 2025)

### एससीआई प्रकाशन – 46; गैर-एससीआई – 0 / Total No. of SCI publication46; Non-SCI 0

| माह/Month | Publication | | कुल प्रकाशन/Total Publication |
|---|---|---|---|
| | SCI | NON-SCI | |
| अगस्त 2025 / August 2025 | 8 | 0 | 8 |
| सितंबर 2025 / September 2025 | 11 | 0 | 11 |
| अक्टूबर 2025 / October 2025 | 18 | 0 | 18 |
| नवंबर 2025 /November 2025 | 9 | 0 | 9 |
| कुल | 46 | 0 | 46 |

## पेटेंट

### मुख्य नवाचार संकेतक दायर एवं स्वीकृत पेटेंट (अगस्त 2025 – नवंबर 2025)

### भारत में दायर पेटेंट

1. **शीर्षक** मछली अपशिष्ट से ट्रिपल सुपरफॉस्फेट उर्वरक के निर्माण की प्रक्रिया
**आविष्कारक** मितुन दास, सृजा पांडा, कौशिक मिश्रा, वंशी कृष्ण बल्ला
**आवेदन संख्या एवं तिथि** 202511074647, 05 **अगस्त** 2025
2. **शीर्षक** जलकुंभी से प्राप्त द्वि-कार्यात्मक ग्रेफाइटिक कार्बन का इलेक्ट्रॉनिक एवं ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों हेतु विकास
**आविष्कारक** वसीम राजा मीर, चंद प्रमाणिक निमाई, महता सोमा
**आवेदन संख्या एवं तिथि** 202511078424, 18 **अगस्त** 2025
3. **शीर्षक** जूट प्रसंस्करण उद्योग अपशिष्ट से बायोग्राफीन आधारित जिंक सूक्ष्म उर्वरक तथा उसके निर्माण की प्रक्रिया
**आविष्कारक** रामराखियानी लता, घोष सौरजा, मुरुगादॉस विग्नेश, मजूमदार स्वच्छा
**आवेदन संख्या एवं तिथि** 202511083620, 02 सितंबर 2025
4. **शीर्षक** मछली में फॉर्मालिन मिलावट का कक्ष तापमान पर गैर-विनाशकारी पता लगाने हेतु संरचना एवं उपकरण तथा उसकी निर्माण प्रक्रिया
**आविष्कारक** मृणाल पाल, देबदुलाल साहा, साग्निक दास, तनुश्री दास, सुभजीत मजूमदार, सुभजीत दास
**आवेदन संख्या एवं तिथि** 202511089313, 18 सितंबर 2025

## Patents

### Patents Filed and Granted (Aug 2025 – Nov 2025)

### Filed in Indian

**1. Title A Process for the Preparation of Triple Superphosphate Fertilizer from Fish Waste**
**Inventors Mitun Das, Srija Panda, Koushik Mishra, Vamsi Krishna Balla**
**(Application No. 202511074647 Date 05-Aug-2025)**
**2. Title DUAL- FUNCTIONALIZED GRAPHITIC CARBON DERIVED FROM WATER HYACINTH FOR ELECTRONIC AND ENERGY STORAGE APPLICATIONS**
**Inventors Wasim Raja Mir, Chand Pramanik Nimai, Mahata Soma**
**(Application No. 202511078424 Date 18-Aug-2025)**
**3. Title A Biographene based Zinc Microfertilizer from Jute Processing Industry Waste and a Process for the Preparation Thereof**
**Inventors Ramrakhiani Lata, Ghosh Sourja, Murugadoss Vignesh, Majumdar Swachchha**
**(Application No. 202511083620 Date 02-Sep-2025)**
**4. Title A Composition and Device for Non-Destructive Room Temperature Detection of Formalin Adulteration in Fish and Preparation Thereof**
**Inventors Mrinal Pal, Debdulal Saha, Sagnik Das, Tanushri Das, Subhajit Mojumder, Subhajit Das**
**(Application No. 202511089313 Date 18-Sep-2025)**


## संपादकीय बोर्ड / Editorial Board

**मुख्य मार्गदर्शक** प्रो. बिक्रमजीत बसु, निदेशक, CSIR-CGCRI • **संपादक** डॉ. अम्बरीष सान्याल • **सहायक संपादक** श्री संजीव कुमार सिंह, श्री अतनु विश्वास, श्री सैकेत पाल • **निर्माण/उत्पादन** श्री सुकमल मंडल • **परामर्शदाता** डॉ. इंद्रनील विश्वास • **प्रकाशन** यह प्रकाशन निदेशक, सीएसआईआर–केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान की ओर से व्यवसाय विकास एवं प्रकाशन विभाग (BDPD), CSIR-CGCRI, कोलकाता–700032 द्वारा प्रकाशित किया गया।

**Chief Mentor** Prof. Bikramjit Basu, Director, CSIR-CGCRI • **Editors** Dr. Ambarish Sanyal • **Associate Editors** Mr. Sanjiva Kumar Singh, Mr. Atanu Biswas, Mr, Saikat Paul • **Production** Mr. Sukamal Mondal • **Advisor** Dr. Indranil Biswas • **Published** on behalf of Director, CSIR-Central Glass and Ceramic Research Institute by Business Development and Publication Division (BDPD), CSIR-CGCRI, Kolkata 700032